

# आज कटक में हाई-वोल्टेज मैच

## भारत-दक्षिण अफ्रीका के बीच पहला टी-20 बाराबती स्टेडियम में होगा

**कटक, 08 दिसंबर कटक का बाराबती स्टेडियम मंगलवार को उस वक्त पूरी तरह जगमगा उठेगा, जब टीम इंडिया दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पांच मैचों की टी-20 सीरीज का आगाज करने उतरेगी।**

घरेलू भीड़, बढ़िया फॉर्म और पिच का मिज़ाज—ये तीनों चीज़ें भारत को तो बढ़त देती हैं, लेकिन यह सोचना कि दक्षिण अफ्रीका बस आसानी से सरेंडर कर देगा... वो थोड़ा ओवरकॉन्फिडेंस होगा। प्रोटियाज़ की टीम भले ही उतार-चढ़ाव से गुजर रही हो, लेकिन उनके पास मैच को किसी भी मोड़ पर उलटने की ताकत रखने वाले कई खिलाड़ी मौजूद हैं। यानी साफ है—बाराबती में मुकाबला तगड़ा होने वाला है। भारत इस समय टी-20 फॉर्मेट में जिस कॉन्फिडेंस पर खेल रहा है, वो उन्हें बाकी टीमों से अलग बनाता है। एशिया कप में अपराजित रहना और फिर ऑस्ट्रेलिया जैसी मजबूत टीम को 2-1 से हराना—ये दोनों नतीजे दिखाते हैं कि टीम इंडिया सिर्फ मजबूत नहीं, बल्कि क्लच मोमेंट्स में भी शांत और शार्प रहती है। सूर्यकुमार यादव की कप्तानी में यह टीम बैलेंस और एक्सपेरिमेंट दोनों चीज़ों का शानदार कॉम्बिनेशन लगती है। टॉप ऑर्डर में अभिषेक शर्मा एकदम वह खिलाड़ी हैं जो पावरप्ले में ताबड़तोड़ शुरुआत देना जानते हैं। उनका नैचुरल गेम इतना फ्लो में चलता है कि मैच के पहले छह ओवर में ही टोन सेट कर देते हैं। उनके साथ शुभमन गिल की एंकरिंग क्षमता टॉप ऑर्डर को स्टेबल बनाती है।

**भारत की स्पिन तिकड़ी दक्षिण अफ्रीका की रीढ़ पर सीधा प्रेशर बना सकती है**

**नॉर्टजे और बुमराह के बीच गति का मुकाबला मैच का सबसे हॉट पल बन सकता है**





**शुभमन गिल और हार्दिक पांड्या पूरी तरह फिट**

भारतीय टी-20 टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव ने कहा कि शुभमन गिल और हार्दिक पांड्या पूरी तरह से स्वस्थ तथा फिट हैं। सूर्यकुमार ने कहा, 'दोनों 'गिल और पांड्या' स्वस्थ और फिट दिख रहे हैं।' गिल को कोलकाता में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले टेस्ट के दौरान गर्दन में अकड़न हो गई थी, जबकि हार्दिक सितंबर में एशिया कप के दौरान लगी क्वाड्रिसेप्स की चोट के कारण बाहर थे।

बीच के ओवरों में सूर्यकुमार यादव और तिलक वर्मा—ये जोड़ी किसी भी बॉलिंग अटैक का मूड ऑफ कर सकती है। निचले क्रम की बात करें तो हार्दिक पांड्या का रोल यहां बेहद अहम हो जाता है। चोट से वापस आने के बाद हार्दिक में पुरानी ठसक फिर दिखनी शुरू हो गई है। अक्षर पटेल का ऑलराउंड उपयोग और शिवम दुबे या हर्षित राणा की पावर-हिटिंग क्षमता भारत को ऐसा डेप्थ देती है, जिसकी वजह से विरोधी टीमों को आखिरी के 4-5 ओवरों में बेहद स्मार्ट गेंदबाजी करनी पड़ती है। भारत के पास इतने फिनिशर हैं कि मैच कहीं भी खड़ा हो, आखिरी ओवरों में गेम पलट सकता है।

अब बात अफ्रीका की। हाँ, यह बात सच है कि उन्होंने हाल के टी-20 में पाकिस्तान और नामीबिया जैसी टीमों से हार झेली है, लेकिन यह टीम कमजोर नहीं है। क्विंटन डी कॉक और एडन मारक्रम शुरुआत में ही टेम्पो सेट करने का दम रखते हैं। ट्रिस्टन स्टब्स और डेवाल्ड ब्रेविस जैसे युवा बल्लेबाज बीच के ओवरों में पारी को स्थिर रखते हुए बड़े शॉट खेल सकते हैं। डेविड मिलर—यह एक नाम ही काफी है विरोधियों के लिए टेंशन देने के लिए। मार्को यानसन निचले क्रम में तेज़ रन जोड़ सकते हैं। उनकी गेंदबाजी भी कम नहीं है। एनरिक नॉर्टजे की रॉ पेस और लुंगी एनगिडी का डिसिप्लिन— ये दोनों भारतीय बल्लेबाजों के लिए चुनौती बन सकते हैं।

# जूनियर विश्व कप में भारत की वेल्स पर 3-1 से जीत

**सैंटियागो (चिली), 08 दिसंबर भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने एफआईएच हॉकी जूनियर वर्ल्ड कप 2025 के 9-16वें स्थान के क्लासिफिकेशन मुकाबले में वेल्स को 3-1 से हराते हुए टूर्नामेंट में एक ठोस कमबैक किया।**

**हिना, सुनेलिता, इशिका ने गोल कर भारत की जीत पक्की की**

**गोलकीपर निधि का बचाव मैच का टर्निंग पाइंट रहा**



क्वार्टर-फाइनल की रेस से बाहर होने के बाद टीम इंडिया के सामने चुनौती सिर्फ जीत की नहीं, बल्कि खुद को फिर से साबित करने की भी थी—और लड़कियों ने यह काम बखूबी किया। मैच की शुरुआत से लेकर अंतिम सीटी तक भारतीय टीम ने जिस तरह खेल को कंट्रोल किया, वह साफ दिखाता है कि यह टीम भले ही मेडल राउंड से बाहर हो चुकी हो, लेकिन उनकी स्किल, फिटनेस और अटैकिंग एप्रोच किसी भी टीम को मुश्किल में डालने की काबिलियत रखती है। सैंटियागो के सेंट्रो डेपोर्टिवो डी हॉकी सेस्पेड, एस्टाडियो नैशनल में खेले गए मुकाबले की शुरुआत धमाकेदार रही। भारत ने पहले ही 30 सेकंड में पेनल्टी कॉर्नर निकाला, जिससे साफ था कि टीम शुरू से ही वेल्स पर अटैकिंग दबाव बनाने के मूड में है। शुरुआती मौके जरूर गोल में कन्वर्ट नहीं हो सके, लेकिन भारतीय टीम ने रिद्म और पजेशन बनाए रखा। इस बीच वेल्स को पेनल्टी स्ट्रोक मिला—यह भारत के लिए बड़ा झटका हो सकता था, लेकिन गोलकीपर निधि ने क्लच मोमेंट में कमाल करते हुए शानदार बचाव किया और विपक्ष को बढ़त लेने से रोक दिया। यह सेफ मैच का टर्निंग पॉइंट साबित हुई।

# हेनरी, सैंटनर, स्मिथ विंडीज टेस्ट सीरीज के बाकी मैचों से बाहर



**वेलिंगटन 8 दिसंबर न्यूजीलैंड टीम के तीन गेंदबाज मैट हेनरी, नाथन स्मिथ और मिशेल सेंटनर चोट के कारण वेस्टइंडीज के खिलाफ बाकी घरेलू टेस्ट सीरीज से बाहर हो गये है। न्यूजीलैंड क्रिकेट ने इन तीनों खिलाड़ियों के बाहर होने की पुष्टि की हैं।**

उन्होंने बताया कि क्राइस्टचर्च में सब्स्टीट्यूट खिलाड़ी के तौर पर टीम में शामिल ग्लेन फिलिप्स को आधिकारिक तौर पर सीरीज के बाकी मैचों के लिए टेस्ट टीम में शामिल किया गया है। डेरिल मिशेल, जिन्होंने पहले टेस्ट में सब्स्टीट्यूट खिलाड़ी के तौर पर लंबा समय बिताया था, दूसरे टेस्ट के लिए उपलब्ध रहेंगे.मिशेल हे को टीम में शामिल किया गया है और वह टेस्ट डेब्यू कर सकते हैं।

**ग्लेन फिलिप्स, डेरिल मिशेल, मिशेल हे उतर सकते हैं दूसरे टेस्ट में**



# बड़ौदा ने सर्विसेज को हराया

## अमित हरिराम पासी ने खेली 114 रन की पारी

**हैदराबाद 08 दिसंबर अमित हरिराम पासी (114) की विस्फोटक शतकीय पारी के दम पर बडौदा ने सोमवार को सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी 2025 एलीट ग्रुप सी मुकाबले में सर्विसेज को 13 रनों से शिकस्त दी। बडौदा ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवरों में सर्विसेज के खिलाफ पांच विकेट पर 220 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया।**

**सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी**

बडौदा के लिए अमित हरिराम पासी ने 55 गेंदों में 10 चौके और नौ छक्के उड़ाते हुए 114 रनों की शतकीय पारी खेली। शाश्वत रावत (14), कप्तान विष्णु सोलंकी ने (25), शिवालिक शर्मा (16), निनाद रथ्वा (12) रनों का योगदान दिया। भानु पनिया 15 गेंदों में 28 रन बनाकर नाबाद रहे। सर्विसेज के लिए अभिषेक तिवारी ने तीन विकेट लिये। मोहित राठी और रवि चौहान ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इसके बाद बल्लेबाजी करने उतरी सर्विसेज, बडौदा के गेंदबाजी आक्रमण के आगे निर्धारित 20 ओवरों में आठ विकेट पर 208 रन ही बना सकी और मुकाबला 13 रनों से हार गई।

**दिल्ली ने जीत के साथ किया समापन**

**अहमदाबाद.** कप्तान नीतीश राणा (51) और यश ढुल (52) की पारियों के बाद गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन के दम पर दिल्ली ने सोमवार को सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के एलीट ग्रुप डी मुकाबले में उत्तराखंड को 18 रनों से हरा दिया। राणा की तूफानी पारी और यश धुल के एक और शानदार अर्धशतक की मदद से दिल्ली ने 162 रन बनाए। यह ऐसा स्कोर था जिसे उत्तराखंड कभी भी पार करने की स्थिति में नहीं दिखी, उत्तराखंड की पूरी टीम निर्धारित 20 ओवरों में सात विकेट पर 144 रन ही बना सकी और 13 रनों से मुकाबला हार गई।

## एक नजर में



### स्क्वैश विश्व कप में भारत की चार सदस्यीय टीम

**चेन्नई.** भारत की मेजबानी में मंगलवार से शुरु हो रहे स्क्वैश वर्ल्ड कप 2025 में अनाहत सिंह, जोशना चिनप्पा, अभय सिंह और वेलवन सेंथिलकुमार की चार सदस्यीय टीम उतरेगी। विश्व स्क्वैश द्वारा आयोजित यह टूर्नामेंट का पांचवां संस्करण है और लगातार तीसरी बार चेन्नई में आयोजित किया जा रहा है। स्क्वैश वर्ल्ड कप में 12 देश, जिसमें डिफेंडिंग चैंपियन मिस्र और पिछले संस्करण के उप मलेशिया शामिल हैं, मिश्रित टीम खिताब के लिए मुकाबला करेंगे। भारत की शीर्ष रैंक वाली महिला स्क्वैश खिलाड़ी अनाहत सिंह वर्ल्ड कप में डेब्यू करेंगी। 17 साल की अनाहत स्क्वैश वर्ल्ड कप 2025 में सबसे कम उम्र की खिलाड़ी होंगी। अनुभवी जोशना चिनप्पा 2023 में भारत को कांस्य पदक दिलाने के बाद वापसी कर रही हैं।

### त्रिजल और श्रेयोश्री ने जीते अंडर-13 खिताब

**रांची.** पंजाब के त्रिजल वोहरा और पश्चिम बंगाल की श्रेयोश्री चक्रवर्ती ने पांचवीं यूटीटी नेशनल रैंकिंग टेबल टेनिस चैंपियनशिप के तीसरे दिन सोमवार को शानदार प्रदर्शन करते हुए क्रमशः अंडर-13 लड़के और लड़की वर्ग के खिताब जीते। आज यहां हरिवंश ताना भगत इंडोर स्टेडियम में त्रिजल ने एकतरफा फाइनल में तमिलनाडु के एम. अश्वजित को 3-0 से हराकर अपने कौशल और नियंत्रण का शानदार प्रदर्शन किया। पंजाब के इस पैडलर ने सेमीफाइनल में दिल्ली के हार्दिक कुमार के खिलाफ दो गेम से पिछड़ने के बाद भी गजब का जज्बा दिखाया था और खिताबी मुकाबले को सटीकता का मास्टरक्लास बना दिया। दूसरी ओर, श्रेयोश्री को अपनी साथी पश्चिम बंगाल की पैडलर टिटाश चटर्जी ने एक रोमांचक पांच-गेम की लड़ाई में कड़ी टक्कर दी, जिसने दर्शकों को आखिरी अंक तक बांधे रखा। दोनों खिलाड़ियों ने एक-दूसरे को कड़ी टक्कर दी, आक्रामक रैलियां खेलीं और एक-दूसरे के रिफ्लेक्स का टेस्ट लिया, लेकिन दबाव में श्रेयोश्री की शांति ने फर्क पैदा किया और उन्होंने निर्णायक गेम जीतकर खिताब अपने नाम कर लिया।

### टेनिस प्रीमियर लीग का सातवां सीजन आज से

**अहमदाबाद.** बहुप्रतीक्षित टेनिस प्रीमियर लीग (टीपीएल) का सातवां सीजन नौ से 14 दिसंबर तक गुजरात यूनिवर्सिटी टेनिस स्टेडियम में खेला जायेगा। टूर्नामेंट में आठ टीमें खिताब के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगी। प्रत्येक टीम 9 से 13 दिसंबर तक पांच लीग मैच खेलेगी और टॉप चार टीमें 14 दिसंबर को आखिरी दिन सेमीफाइनल और फाइनल में पहुंचेंगी। टीपीएल के इस अनोखे फॉर्मेट में हर मैच में चार राउंड होते हैं - महिला एकल, मिश्रित युगल, पुरुष एकल और पुरुष युगल। हर राउंड में 25 पॉइंट होते हैं, जिससे हर मैच कुल 100 पॉइंट का होता है। इस सीजन में दुनिया के शीर्ष 50 में रैंक वाले अंतरराष्ट्रीय सितारों और भारत की बेहतरीन प्रतिभाओं का एक असाधारण मिश्रण है, जिसमें हर फ्रेंचाइजी में एक मार्की खिलाड़ी है ।

### धीमी ओवर-रेट के लिए टीम इंडिया पर लगा जुर्माना

**दुबई.** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने भारत पर रायपुर में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दूसरे एकदिवसीय मुकाबले में धीमी ओवर-रेट के लिए मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। अमीरात आईसीसी एलीट पैनल के मैच रेफरी रिची रिचर्डसन ने यह कार्रवाई की, जब केएल राहुल की टीम समय में छूट के बाद भी दो ओवर पीछे रह गई थी। आईसीसी खिलाड़ियों और खिलाड़ी सपोर्ट स्टाफ के लिए आचार संहिता के अनुच्छेद 2 .22 के अनुसार, जो न्यूनतम ओवर-रेट अपराधों से संबंधित है, खिलाड़ियों पर हर उस ओवर के लिए उनकी मैच फीस का पांच प्रतिशत जुर्माना लगाया जाता है जो उनकी टीम निर्धारित समय में नहीं फेंक पाती है। राहुल ने अपराध स्वीकार कर लिया और प्रस्तावित सजा मान ली, इसलिए औपचारिक सुनवाई की कोई आवश्यकता नहीं थी। मैदानी अंपायर रॉड टकर और रोहन पंडित, तीसरे अंपायर सैम नोगजस्की और चौथे अंपायर जयरामन मदनगोपाल ने यह आरोप लगाये थे।

# खोइरोम रेजिया देवी ने जीता स्वर्ण पदक

**जयपुर, 08 दिसंबर केआईआईटी यूनिवर्सिटी की मणिपुरी साइकिलिस्ट खोइरोम रेजिया देवी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स राजस्थान-2025 में महिलाओं की तीन किलोमीटर व्यक्तिगत परस्यूट का स्वर्ण पदक जीता। रेस खत्म होते ही रेजिया की खुशी देखते ही बनती थी।**

**यूनिवर्सिटी गेम्स राजस्थान 2025**

उन्होंने साई मीडिया से कहा, 'मीनाक्षी चैंपियन एथलीट है। उसे हारना पसंद नहीं है और मुझे भी नहीं। मैंने अपनी जिंदगी में इतनी उपेक्षाएं झेली हैं कि अब मैं हमेशा उपलब्धियों के लिए भूखी रहती हूं। इस जीत से मैंने खुद को, और उन सभी लोगों को जवाब दिया है जिन्होंने कभी कहा था कि मैं यह नहीं कर सकती। 3 किमी परस्यूट में उससे बेहतर कोई एथलीट नहीं है, इसलिए उसे हराना मेरे लिए खास उपलब्धि है।'




2019 में चयन संबंधी उपेक्षाओं के कारण सेपाक टकरॉ छोड़कर साइक्लिंग अपनाने वाली रेजिया ने शुरुआती दिनों में जितनी निराशा, अस्वीकार और मानसिक तनाव झेला, उतना शायद ही कोई खिलाड़ी सह सके। उन्होंने 2022 में एशियाई ट्रैक साइक्लिंग चैंपियनशिप में मीनाक्षी रोहिल्ला, चायानिका देवी और मोनिका के साथ टीम परस्यूट का ऐतिहासिक कांस्य पदक जीतकर राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाई थी। उन्होंने कहा, '2019 से लेकर ट्रैक तक, घर तक, मैंने इतनी मानसिक परेशानियां झेली कि अब हर रेस मेरे लिए चुनौती बन चुकी है।

# टी-20 विश्व कप से पहले पाक टीम में नहीं होगा कोई बड़ा बदलाव

**कराची, 08 दिसंबर** पाकिस्तान के कप्तान सलमान अली आगा ने अगले साल फरवरी में भारत और श्रीलंका में होने वाले टी-20 विश्वकप से पहले टीम में कोई बड़े बदलाव की संभावना से इंकार करते हुए कहा कि हर किसी को उसकी भूमिका बता दी गई, हम उसी के साथ आगे बढ़ेंगे।

**पाक कप्तान सलमान अली आगा बोले**

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद के अनुसार, पाकिस्तान टूर्नामेंट के अगले संस्करण में अच्छी फॉर्म में उतरेगा, क्योंकि इस साल की शुरुआत में सलमान के टी-20 कप्तान बनने के बाद से टीम ने सबसे छोटे फॉर्मेट में हाल ही में सफलता हासिल की है। ाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के एक पॉडकास्ट में सलमान ने कहा, 'मुझे नहीं लगता कि विश्व कप से पहले कोई बड़ा बदलाव होगा, यही संयोजन रहेगा। सभी खिलाड़ियों को उनकी भूमिका बता दी गई हैं, और हम इन्हीं भूमिका के साथ आगे बढ़ेंगे।

एशियाई टीम ने हाल ही में जिम्बाब्वे और श्रीलंका के खिलाफ घरेलू मैदान पर त्रिकोणीय जीती थी और सलमान को उम्मीद है कि वहां खेलने वाली टीम के अधिकतर खिलाड़ी अगले साल सात फरवरी से शुरू होने वाले टी-20 विश्वकप के 10वें संस्करण में भी टीम का हिस्सा होंगे।

# एफसी गोवा ने तीसरी बार जीता सुपर कप



**ईस्ट बंगाल को पेनल्टी शूटआउट में 6-5 से हराया**

**गोवा, 08 दिसंबर** एफसी गोवा ने पेनल्टी शूटआउट में शानदार प्रदर्शन करते हुए ईस्ट बंगाल एफसी को 6-5 से हराकर रिकॉर्ड तीसरी बार एआईएफएफ सुपर कप का खिताब अपने नाम किया।

यहां पंडित जवाहर लाल नेहरु स्टेडियम में खेला गया खिताबी मुकाबला अतिरिक्त समय के बाद भी गोल रहित रहा, सुपर कप का पहला फाइनल बन गया जिसका फैसला पेनल्टी शूटआउट से हुआ। मैच की शुरुआत में दोनों टीमों ने कई गोल करने के मौके बनाये लेकिन वे 120 मिनट में गोल करने में नाकाम रही। शूटआउट में, एफसी गोवा के कप्तान बोरजा हेरेरा और ईस्ट बंगाल के मोहम्मद बासिम राशिद गोल करने में नाकाम रहे, जिससे मुकाबला सडन डेथ में चला गया। उदंता सिंह कुमाम और साहिल तवोरा ने गोवा को आगे रखा, जबकि हामिद अहदाद ने ईस्ट बंगाल के लिए गोल किया, लेकिन पीवी विष्णु चूक गए, जिससे मेजबान टीम ने ट्रॉफी जीत ली। गोवा को शुरुआती तकनीकी बदलाव करने पड़े, मिडफील्ड को स्थिर करने के लिए उदंता सिंह और निम दोरजी तमांग को मैदान में उतारा गया। ईस्ट बंगाल आगे बढ़ता रहा क्योंकि महेश को ब्रेक से पहले दो और मौके मिले जो बाल-बाल चूक गए। दूसरा हाफ उतार-चढ़ाव भरा रहा। गोवा एनर्जी के साथ वापस आया, आयुष छेत्री और डेजान ड्राज़िक ने ईस्ट बंगाल के डिफेंस को टेस्ट किया।

गोवा को शुरुआती तकनीकी बदलाव करने पड़े. ईस्ट बंगाल आगे बढ़ता रहा. दोनों ही टीमों को अतिरिक्त समय में गोल करने के और भी मौके मिले. ईस्ट बंगाल के गोलकीपर ने शानदार प्रदर्शन किया और गोवा की कुछ पेनल्टी को भी उंगलियों से छुआ, लेकिन शूटआउट में कोई निर्णायक बचाव नहीं कर पाए।

**खुलासा** मोईन अली के पॉडकास्ट पर बोले- 'मैं एक पूरी घरेलू सीरीज खेलकर ही क्रिकेट को अलविदा कहना चाहता हूं'

# शाकिब ने संन्यास वापस लेकर तीनों प्रारूपों में खेलने की इच्छा जताई



**ढाका, 08 दिसंबर बांग्लादेश क्रिकेट के सबसे चमकते सितारों में से एक और पूर्व कप्तान शाकिब अल हसन ने एक ऐसा फैसला लिया है जिसने क्रिकेट जगत को फिर चौंका दिया है।**

पिछले साल टेस्ट और टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा कर चुके शाकिब ने अब अचानक यू-टर्न लेते हुए इन दोनों प्रारूपों में वापसी की इच्छा जताई है। मोईन अली के पॉडकास्ट में पहली बार उन्होंने खुलकर बताया कि वह क्रिकेट के तीनों फॉर्मेट—टेस्ट, वनडे और टी-20—में फिर से खेलना चाहते हैं और उनकी योजना है कि मैं बांग्लादेश जाकर एक पूरी सीरीज—टी-20, वनडे और टेस्ट—खेलूं और उसके बाद रिटायर हो जाऊं। यह फैसला उनके करियर का शायद सबसे बड़ा रीडायरेक्शन है, खासकर तब जब वह पिछले एक साल से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से दूर रहे हैं। शाकिब का यह खुलासा बताता है कि भले ही वह मैदान से दूर रहे हों, लेकिन उनके अंदर की क्रिकेटर स्पिरिट, फैन्स के प्रति उनका जुड़ाव और अपने करियर को सही अंदाज़ में खत्म करने की इच्छा अभी भी पूरी तरह ज़िंदा है। उन्होंने कहा कि वह कभी भी पूरी तरह सभी प्रारूपों से रिटायर नहीं हुए थे—बस उन्होंने टेस्ट और टी-20 छोड़ने की एक घोषणा की थी, लेकिन उसे औपचारिक रूप से अंतिम नहीं माना जाना चाहिए।

'मैं अच्छा खेलूं या नहीं—फैंस ने मुझे जो सपोर्ट दिया है, मैं रिटायरमेंट से पहले उन्हें कुछ वापस देना चाहता हूं।' यह बयान उनके लंबे करियर और जनता से जुड़े भावनात्मक संबंध को दर्शाता है। शाकिब ने अपने बॉलिंग एक्शन को लेकर भी खुलकर बात की, जिसने पिछले महीनों में काफी कंट्रोवर्सी पैदा की थी। उन्होंने बताया कि वह जानबूझकर कुछ तकनीकी बदलाव कर रहे थे क्योंकि उनका वर्कलोड बेहद ज्यादा था—एक ही मैच में उन्होंने 70+ ओवर फेंके थे, जो उनके करियर में कभी नहीं हुआ था। पाकिस्तान के खिलाफ लगातार दो टेस्ट खेलकर, फिर इंग्लैंड में सरे की ओर से चार दिवसीय मैच में उतरना—इस शेड्यूल ने उन्हें फिजिकली काफी थका दिया था। उन्होंने कहा कि उनके एक्शन को लेकर जो सवाल उठे, वह समझ में आता है, लेकिन उन्हें उम्मीद थी कि अंपायर कम से कम पहले कोई चेतावनी देते। हालांकि, नियमों के तहत अंपायर सही थे—इसलिए उन्होंने कोई शिकायत नहीं की शाकिब बोले, 'मैंने टेस्ट दिया, फेल हुआ। फिर अपना वीडियो देखा और समझ आया कि गलती कहां है। कुछ हफ्ते अभ्यास किया और सब सामान्य हो गया।' यह बयान दिखाता है कि शाकिब सिर्फ एक इमोशन-ड्रिवन खिलाड़ी नहीं, बल्कि तकनीकी तौर पर गहराई से सोचने वाले क्रिकेटर हैं।